बजरंगी आज है जन्मे भक्तो,

सब झूमो नाचो गाओ,
मिलजुल के ढोल बजाओ,
बजरंगी आज है जन्मे भक्तो,
मिलके मंगल गाओ।।

तर्ज मेरा यार बना है दूल्हा।

आज का दिन है कितना प्यारा,
खुशियां इतनी लाया,
चैत्र सुदी पूनम के दिन,
अंजनी ने लाल है जाया,
आ जाओ बाबा के द्वारे,
जय जयकार बुलाओ।
सब झूमो नाचो गाओ,
मिलजुल के ढोल बजाओ,
बजरंगी आज हैं जन्मे भक्तो,
मिलके मंगल गाओ।।

भक्त तुम्हारे भोग सवामणी,
तुमको आज चढ़ाए,
बाबा को सिंदूर लगा के,
बाबा को है सजाए,
बाला मेरे प्यारे लागे

नजरो से इनको बचाओ,
सब झूमो नाचो गाओ,
मिलजुल के ढोल बजाओ,
बजरंगी आज हैं जन्मे भक्तो,
मिलके मंगल गाओ।।

सारे जग में बरसी मेरे,
बजरंगी की माया,
सब भक्तो पे बाबा करना,
किरपा की तुम छाया,
बजरंगी के दर पे आके,
रंग इनके रंग जाओ।
सब झूमो नाचो गाओ,
मिलजुल के ढोल बजाओ,
बजरंगी आज हैं जन्मे भक्तो,
मिलके मंगल गाओ।।

सब झूमो नाचो गाओ,
मिलजुल के ढोल बजाओ,
बजरंगी आज है जन्मे भक्तो,
मिलके मंगल गाओ।।

Source: https://www.bharattemples.com/bajarangi-aaj-hai-janme-bhajan/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw